
my city
अमर उजाला
amarujala.com/lucknow
5

# भाषा विवि : पीएचडी में चयनितों की अंतिम सूची जारी

## 27, 28 और 31 जुलाई को प्रशासनिक भवन में होगी 13 अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। भाषा विश्वविद्यालय में सात महीने से अटकी पीएचडी की प्रवेश प्रक्रिया कुछ आगे बढ़ी है। इस संबंध में अमर उजाला में छात्रों की दिक्कत संबंधी खबर प्रकाशित होने के तीसरे दिन मंगलवार को विवि ने प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार में चयनित हुए अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी कर दी।



27, 28 और 31 जुलाई को विवि के प्रशासनिक भवन में इनकी काउंसिलिंग होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने तीन पाठ्यक्रमों में 13 चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की है। हालांकि, इसमें से कुछ वेटिंग में भी हैं।

भाषा विश्वविद्यालय प्रशासन ने 31 दिसंबर को विभिन्न पाठ्यक्रमों की 26 सीटों पर विज्ञापन जारी कर पीएचडी में प्रवेश के लिए आवेदन मांगे थे। इन पर प्रवेश के लिए पांच महीने बाद 12 मई को परीक्षा हुई और फिर अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए गए। इसके बाद से प्रवेश प्रक्रिया ठंडे बस्ते में पड़ी थी। अमर उजाला के 23 जुलाई के अंक में खबर प्रकाशित की तो विवि प्रशासन जागा। इसके बाद विश्वविद्यालय ने चयनितों की अंतिम सूची घोषित करते हुए प्रवेश लेने की तिथियां निर्धारित कर दी हैं।

### पीएचडी अभ्यर्थियों का होगा दूसरा बैच

भाषा विश्वविद्यालय में इससे पहले वर्ष 2018-19 में पीएचडी में प्रवेश हुए थे। अब प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों का यह दूसरा बैच होगा। हालांकि, पांच साल बाद भी विश्वविद्यालय में किसी भी शोधार्थी को पीएचडी अवॉर्ड नहीं हो सकी है।

### प्रोफेशनल कोर्सों के लिए दूसरी प्रवेश परीक्षा एक को

लखनऊ। भाषा विश्वविद्यालय में बीटेक, एमटेक, एमसीए व एमबीए में दाखिले के लिए दूसरी प्रवेश परीक्षा एक अगस्त को होगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. हैदर अली ने मंगलवार को पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी। (संवाद)

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

लखनऊ, बुधवार, 26 जुलाई 2023 06

# भाषा विवि: पीएचडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-2024 में पीएचडी प्रवेश के लिए फाइनल सूची मंगलवार को जारी कर दी। पीएचडी समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि सभी उर्दू, कॉमर्स और शिक्षाशास्त्र जैसे विषयों के पीएचडी के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। पीएचडी में चयनित छात्रों की काउंसलिंग 27, 28 और 31 जुलाई को होगी। परिणाम के साथ ही काउंसलिंग शेडयूल विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर अपलोड कर दी गई है। उर्दू, कॉमर्स और एजुकेशन विषयों के लिए चयनितों की सूची के साथ वेटिंग अभ्यर्थियों की भी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

CamScanner

amarujala.com/lucknow
लखनऊ • रविवार • 23.07.2023

हम लोग अमर उजाला 6

# बहुत खूब... रिकॉर्ड 27 लाख पौधे रोपे

लखनऊ। पौधरोपण महाअभियान-2023 के तहत शनिवार को राजधानी में रिकॉर्ड 27 लाख पौधे लगाए गए। इसकी शुरुआत उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एसजीपीजीआई परिसर में वन विभाग की ओर से मियावाकी विधि से पौधा लगाकर की। यहां 3100 पौधे लगाए गए। लखनऊ के प्रभारी मंत्री व वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और डीएम सूर्यपाल गंगवार ने कुकरैल पिकनिक स्पॉट, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने सुशांत गोल्फ सिटी, मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने लोहिया पार्क में पौधरोपण किया। अतिथि गृह नैमिषारण्य बटलर पैलेस में अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल, प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार ने पौधा लगाया। महानगर स्थित राजकीय कुक्कुट प्रशिक्षण केंद्र में पौधे लगाए गए। इस दौरान अपर मुख्य सचिव रजनीश दुबे मौजूद रहे। यूपी सिडको कार्यालय प्रांगण में निगम के प्रबंध निदेशक श्री प्रकाश विंदु ने पौधरोपण किया। हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के वरिष्ठ न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने हाईकोर्ट परिसर में पौधरोपण किया। एलडीए ने नंदन वन में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के नेतृत्व में 10 हजार से अधिक पौधे लगवाए। ठाकुरगंज के सेंट मेरी कॉलेज में भाजपा नेत्री एवं सामाजिक कार्यकर्ता अर्पणा यादव की मौजूदगी में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। आलमबाग के सेंट्रल पार्क में महापौर सुषमा खर्कवाल ने पौधा लगाया। भाजपा के महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने अमन पार्क, राजीव गांधी प्रथम वार्ड में पौधे लगाए। डीएफओ डॉ. रवि कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ में 31 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। 27 लाख लग चुके हैं। बाकी अगले 15 दिन में लग जाएंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

## पौधरोपण महाअभियान को लेकर राजधानी में दिखा जोश

## केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने लगाया पीपल का पौधा

काकोरी। केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने बंशी गढ़ी गांव में पीपल का पौधा लगाया। विधायक जय देवी कौशल ने अमेठिया सलेम पुर गांव के मजरा समरत गांव में जामुन व अन्य पौधे लागए। सीएचसी इंदिरानगर में पौधरोपण हुआ।

### शिक्षण संस्थानों ने भी लिया हिस्सा

- लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, शिक्षकों व छात्रों ने परिसर में 500 पौधे लगाए। बीबीएयू में कुलपति संजय सिंह ने 200 पौधे लगाए। भाषा विवि, पुनर्वास विश्वविद्यालय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय परिसर में भी पौधे लगाए गए। गोमतीनगर स्थित राजकीय नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, केजीएमयू के टीजी परिसर में पौधरोपण हुआ। टाउन हॉल एजुकेशनल सोसायटी ने विद्यालयों में नेशनल ट्री प्लांटेशन डे कार्यक्रम का आयोजन किया। राज्य संग्रहालय में 'जल बचाएं, जीवन बचाएं' प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

CamScanner

IV दैनिक जागरण लखनऊ, 21 जुलाई, 2023

# केएमसी का शैक्षिक कैलेंडर जारी

जागरण संवाददाता, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय (केएमसी) ने सत्र 2023-24 का शैक्षिक कैलेंडर जारी कर दिया है। इसमें प्रवेश, परीक्षा, शिक्षण कार्यक्रम तय किए गए हैं। विश्वविद्यालय ने प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की प्रक्रिया 24 जुलाई तक पूर्ण करने को कहा गया है, लेकिन अभी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसका असर कैलेंडर पर भी पड़ेगा।

शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार 25 जुलाई से 31 जुलाई के बीच नए प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं की कक्षाएं शुरू होनी है। दो नवंबर तक सेमेस्टर की पढ़ाई पूरी की जाएगी। 10 नवंबर तक सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं पूरी करने की तिथि है। सेमेस्टर की परीक्षाएं 40 दिन में 11 नवंबर से पांच जनवरी के बीच में कराई जाएंगी। इसी तरह से ओल्ड सेमेस्टर, सम सेमेस्टर की पढ़ाई और परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया गया है।

कुलपति प्रो. एनबी सिंह का कहना है कि शासन से जो कैलेंडर आया था, उसे लागू किया गया है, इसमें कुछ तिथियां आगे-पीछे हो सकती हैं। किसी परिस्थिति में अगर पाठ्यक्रम पूरा नहीं होता है तो अतिरिक्त या आनलाइन कक्षाएं चलाकर पूरा किया जाएगा। नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों का सतत आंतरिक मूल्यांकन भी शिक्षक करेंगे। इसके लिए अलग से मिड टर्म परीक्षा नहीं होगी।

CS CamScanner


my city
लखनऊ | बुधवार • 19.07.2023
अमर उजाला
amarujala.com/lucknow


# भाषा विवि : प्रोफेशनल कोर्सों में दाखिले के लिए 250 ने दी परीक्षा

## बीटेक, एमटेक, एमबीए व एमसीए पाठ्यक्रमों के लिए हुई प्रवेश परीक्षा

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में मंगलवार को प्रोफेशनल कोर्सों के लिए प्रवेश परीक्षा हुई। इसमें 250 अभ्यर्थी शामिल हुए।

प्रवेश समन्वयक प्रो. हैदर ने बताया कि बीटेक, एमटेक, एमबीए व एमसीए के लिए हुई प्रवेश परीक्षा में 383 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 133 अनुपस्थित रहे। जल्द ही प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया जाएगा।



इसके बाद अभ्यर्थी काउंसिलिंग करवाकर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करा सकेंगे। विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन चल रहे हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। इसका शुल्क पांच सौ रुपये है। सीयूईटी के तहत आवेदन करने वाले अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर काउंसिलिंग के लिए शुल्क जमा कर पंजीकरण करवा सकते हैं। (संवाद)

CamScanner

# भाषा विवि, आईटी व केकेसी में दाखिले शुरू

## तीनों संस्थानों में पहले दिन 500 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने कराई काउंसिलिंग

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, आईटी गर्ल्स कॉलेज व श्री जयनारायण मिश्र पीजी कॉलेज (केकेसी) में सोमवार से स्नातक पाठ्यक्रमों प्रवेश के लिए काउंसिलिंग शुरू हो गई। पहले दिन तीनों जगह पांच सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने काउंसिलिंग में शामिल होकर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन कराया। यहां पर स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में आवेदन प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। भाषा विवि के प्रवेश समन्वयक प्रो. हैदर ने बताया कि विवि में सीयूईटी के तहत भी प्रवेश लिए जा रहे हैं। इसके अभ्यर्थी काउंसिलिंग के लिए वेबसाइट पर शुल्क जमा कर पंजीकरण करवा सकते हैं। यहां पहले दिन सौ के आसपास अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग में भाग लिया। आईटी गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य प्रो. विनीता प्रकाश ने बताया कि महाविद्यालय में ऑनलाइन काउंसिलिंग करवाई जा रही है। पहले दिन अच्छा रुझान रहा। काफी संख्या में छात्राओं ने काउंसिलिंग कराई। वहीं, केकेसी पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्रा ने बताया कि पहले दिन बीए में 150, बीकॉम में 145 व बीएससी में 115 छात्र-छात्राओं ने काउंसिलिंग करवाई। महाविद्यालय में पीजी पाठ्यक्रमों में आवेदन प्रक्रिया जारी है।



### लविवि में बिना क्लास नया सत्र शुरू

लविवि का नया सत्र सोमवार से शुरू हो गया। हालांकि पहले दिन विवि में कक्षाएं नहीं हुईं। असल में लविवि में इस बार न परीक्षा हो पाई हैं और न प्रथम वर्ष के दाखिले। ऐसे में कुछ विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं जबकि बाकी दाखिले का इंतजार कर रहे हैं। इसी वजह से विवि में सोमवार को ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सत्र तो शुरू हो गया, लेकिन कक्षाएं नहीं हुईं। इसके बावजूद लविवि में कुछ विद्यार्थी कैंपस में मस्ती करते जरूर नजर आए।

### लविवि में प्रवेश समन्वयक कार्यालय का शुभारंभ

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को मैत्री भवन के दूसरे तल पर बने नवनिर्मित प्रवेश समन्वयक कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय का भी औपचारिक उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि नवीन प्रवेश कार्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए एक हेल्प डेस्क भी बनाई गई है। यहां वह प्रवेश से संबंधित जानकारी हासिल कर सकते हैं। वहीं, मैत्री भवन में विद्यार्थियों के लिए एक लाउंज की भी व्यवस्था की गई है, जहां वे पढ़ाई-लिखाई के साथ ही कॉफी व चाय पी सकते हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में [illegible] (संवाद)

### पीजी पाठ्यक्रमों में आवेदन समाप्त

लखनऊ। लविवि में सोमवार को पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया समाप्त हो गई। अब प्रवेश परीक्षा की तैयारी है। विवि में पीजी की पांच हजार से अधिक सीटें हैं। लविवि के शैक्षणिक कैलेंडर हिसाब से यहां 31 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। एक अगस्त से नए सत्र की कक्षाएं शुरू करवाने का लक्ष्य है। (संवाद)

CS CamScanner

लखनऊ | मंगलवार • 18.07.2023


my city

अमर उजाला

amarujala.com/lucknow/

5

# विवि में शुरू हो टाइपिंग व शॉर्टहैंड कोर्स : राज्यपाल



भाषा विवि में समीक्षा बैठक करतीं राज्यपाल। संवाद

**भाषा विवि में नैक मूल्यांकन के लिए समीक्षा के दौरान दिए निर्देश**

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में नैक मूल्यांकन की तैयारियों को लेकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों के संग समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों में टाइपिंग और शॉर्टहैंड कोर्स जोड़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के रोजगारपरक पाठ्यक्रमों से विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ हुनर भी आएगा। राज्यपाल ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्य मार्ग से विश्वविद्यालय तक जाने वाले मार्ग को पक्का और अच्छा बनाया जाए। विश्वविद्यालय में शोध और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए नवीनतम गतिविधियों पर कार्यशालाएं कराई जाएं। उन्होंने विवि की नैक टीम से कहा कि सभी सदस्य एक जैसे फॉर्मेट पर प्रस्तुतिकरण बनाएं। इसके साथ यूनिवर्सिटी की लाइब्रेरी में अच्छी पुस्तकों संग्रह बढ़ाएं। राज्यपाल ने कहा कि विवि बड़े स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाए। इसमें ग्रामीण महिलाओं, बच्चों और विद्यार्थियों को भी जोड़ें। समीक्षा बैठक में कुलपति प्रो. एनबी सिंह, कुलसचिव भावना मिश्रा, प्रो. सौबान सईद, डॉ. रुचिता चौधरी व डॉ. नलिनी मिश्रा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। (संवाद)

CS CamScanner

# सीयूईटी : केएमसी, बीबीएयू में रजिस्ट्रेशन, एकेटीयू में आज तय

जागरण संवाददाता, लखनऊ : सीयूईटी (कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) के नतीजे आने के साथ विश्वविद्यालयों में काउंसिलिंग और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। स्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीयूईटी के अंक के आधार पर प्रवेश होंगे। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के सभी पाठ्यक्रमों में सीयूईटी से प्रवेश होंगे। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय (केएमसी) में भी सीयूईटी के सफल अभ्यर्थियों को प्रवेश मिलेगा। डा. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में बीटेक और बीआर्क छोड़कर शेष सभी पाठ्यक्रमों में सीयूईटी के माध्यम से ही प्रवेश लिए जाएंगे। सीयूईटी में जिन अभ्यर्थियों ने इन विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए विकल्प भरा था, वह अब यहां रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## बीबीएयू में 30 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन

बीबीएयू में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू है। सीयूईटी देने वाले अभ्यर्थी 30 जुलाई तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों ने सीयूईटी मे बीबीएयू का विकल्प भरा है।



रजिस्ट्रेशन के बाद उन्हें काउंसिलिंग के लिए बुलाया जाएगा। सीयूईटी की मेरिट के अनुसार उन्हें प्रवेश दिया जाएगा। बीबीएयू मे प्रवेश के लिए देश भर से अभ्यर्थियों ने सीयूईटी के माध्यम से आवेदन किया है। विश्वविद्यालय में सीयूईटी देने वाले सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी 200 रुपये और अनुसूचित जाति और जनजाति के अभ्यर्थी 100 रुपये शुल्क के साथ आवेदन कर सकते हैं। इस विश्वविद्यालय में 50 प्रतिशत सीट अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए आरक्षित है।

## एकेटीयू में आज तय होगी तिथि



एकेटीयू मे जेईई मेंस के स्कोर से बीटेक मे प्रवेश लिया जाएगा। नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट (नाटा) से बीआर्क मे प्रवेश होगा, जबकि सीयूईटी से बीटेक और बीफार्मा को छोड़कर सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जाएगा। बीफार्मा में सीयूईटी के स्कोर से ही प्रवेश मिलेगा। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि प्रवेश की प्रक्रिया केंद्रीय प्रवेश समिति की बैठक के बाद तय की जाएगी। इसमें काउंसिलिंग के चरण और प्रक्रिया तय होगी। सोमवार को प्रवेश को लेकर बैठक होगी।

## केएमसी भाषा विश्वविद्यालय में आज से रजिस्ट्रेशन

सीयूईटी में सफल अभ्यर्थी अगर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय (केएमसी) में प्रवेश चाहते हैं तो विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आज से काउंसिलिंग के लिए kmclu.ac.in पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। कामर्स, सामाजिक विज्ञान, कला और मानविकी व विज्ञान संकाय के विषयों में यहां प्रवेश का मौका है। विश्वविद्यालयय में सीयूईटी से आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या एक लाख से अधिक है। प्रवेश समन्वयक प्रो. सैयद हैदर अली ने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने किसी कारण से सीयूईटी नही दे पाए थे, वह भी रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके अलावा 18 जुलाई को सभी प्रोफेशनल कोर्स बीटेक, एमटेक, एमबीए और एमसीए में प्रवेश परीक्षा आयोजित किया जा रहा है। प्रवेश परीक्षा दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। इसमें बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे।

CamScanner

# विश्वविद्यालयों की सभा में दो-दो एमएलसी नामित

- 15 राज्य विश्वविद्यालयों में नामित किए गए सदस्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : प्रत्येक राज्य विश्वविद्यालय की सभा के लिए दो-दो विधान परिषद सदस्यों को नामित किया गया है। प्रत्येक विश्वविद्यालय में यह सभा सर्वोच्च बाडी मानी जाती है और यह विश्वविद्यालय के विकास एवं सुधार के लिए क्या उपाय किए जाएं, इसके लिए सुझाव देती है। विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट, वार्षिक लेखाओं व उनकी संपरीक्षा रिपोर्ट पर विचार कर संकल्प पारित करती है।

प्रमुख सचिव, विधान परिषद डा.राजेश सिंह ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय की सभा के लिए पवन कुमार सिंह और इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह को नामित किया गया है। ख्वाजा मोईनुदीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में अंगद कुमार सिंह व मुकेश शर्मा, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया में रवि शंकर सिंह व राम सूरत राजभर, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में आशुतोष सिन्हा व हंसराज विश्वकर्मा, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में श्याम नारायन सिंह व विक्रांत सिंह उर्फ रिशु, दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर में डा. धर्मेन्द्र सिंह व ध्रुव कुमार त्रिपाठी, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में विशाल सिंह चंचल व बृजेश कुमार सिंह प्रिंसू को नामित किया गया है।

इसी तरह डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या में गोविंद नारायण व हरिओम पांडेय, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में सलिल विश्नोई व राज बहादुर सिंह चंदेल, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी में डा. बाबू लाल तिवारी व डा. मान सिंह यादव, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली में कुंवर महाराज सिंह व डा. जयपाल सिंह व्यस्त, डा. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा में डा. आकाश अग्रवाल व मानवेन्द्र प्रताप सिंह गुरुजी और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में अश्विनी त्यागी व धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज को विश्वविद्यालय सभा का सदस्य नामित गया है। इस विश्वविद्यालय सभा को विश्वविद्यालय कोर्ट भी कहा जाता है।

प्रदेश की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

CamScanner